भिलाई शहर के सुपेला शासकीय अस्पताल में बनेगा 20 बिस्तर का आइसोलेशन वार्ड, कोविड की लड़ाई में निभाएगा अहम भूमिका

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला का आकस्मिक निरीक्षण किया। पूरे अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर पीयम सिंह ने आयुक्त को अवगत कराया कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देशन में 20 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड तैयार किया जाएगा। जिसकी सारी प्रक्रियाएं पूर्ण कर कार्य आदेश जारी कर दिया गया है , शीघ्र कार्य प्रारंभ होने की जानकारी उन्होंने दी। भूतल एवं प्रथम तल का निर्माण आइसोलेशन वार्ड के लिए किया जाएगा, जिसमें कोविड के मरीजों का उपचार होगा। कोविड की लड़ाई में एवं थर्ड वेव को देखते हुए यह आइसोलेशन वार्ड अहम भूमिका निभाएगा और स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होगा। इधर अस्पताल के पिछले हिस्से में ईटीपी का निर्माण किया जा रहा है , जिससे अस्पताल से निकलने वाले गंदे पानी को रिसाइकल करके इसका पुनः उपयोग किया सके। निगमायुक्त ने अस्पताल परिसर में संचालित सभी स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सा स्टाफ के बारे में एवं विशेषज्ञों के कार्यों की जानकारी आयुक्त ने प्रभारी से ली। आयुक्त ने ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, मरीजों के लिए बेड एवं कक्ष, स्टाफ की उपलब्धता, ड्यूटी टाइम रोस्टर एवं साफ-सफाई इत्यादि की भी जानकारी ली। इस दौरान आयुक्त ने वैक्सीन की उपलब्धता एवं कोल्ड चैन सिस्टम को भी देखा और प्रतिदिन लगने वाले वैक्सीन कैंप के आधार पर व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विशेष अभियान की जानकारी ली। परिसर में सीसीटीवी कैमरा , कोल्ड चैन कक्ष के संधारण एवं पेवर ब्लाक लगाने अस्पताल के प्रभारी से चर्चा की। आयुक्त ने कोविड जांच केंद्र का निरीक्षण किया और प्रतिदिन जांच की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पार्किंग स्थल का भी अवलोकन किया। कैंपस में निर्मित धनवंतरी मेडिकल स्टोर की प्रगति का जायजा लिए और शीघ्र-अतिशीघ्र लोगों को सुविधा देने के लिए सारी तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान नेहरू नगर जोन के आयुक्त मनीष गायकवाड , कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा एवं उप अभियंता गौरव अग्रवाल मौजूद रहे।